A meeting on Arth Ganga with ASCI was chaired by Sh. Rajiv Ranjan Mishra, DG, NMCG on 24th August 2021. Sh. Rozy Agarwal, ED (Finance), NMCG, Sh. V. Srinivas Chary, Director of the Centre for Urban Governance, Environment, Energy and Infrastructure Development- ASCI and other senior officials attended the meeting.



A review meeting was held on 18th August 2021 under the chairmanship of Sh. Rajiv Ranjan Mishra, DG, NMCG on 'Documentation of Cultural Mapping of River Ganga from Gomukh to Gangasagar' by Intach Heritage Walks. An antique 1822 map which depicts the course of Ganga and Gangotri for the first time in history was handed over by Intach to honor Sh. Rajiv Ranjan Mishra for his work towards the conservation of Ganga and its tributaries.

स्वतंत्रता दिवस की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में मनाये जा रहे "आजादी का अमृत महोत्सव" के अन्तर्गत हरिद्वार चण्डीघाट रिवर फ्रण्ट डेवलेपमेंट परियोजना पर रग-रग में गंगा एवं गंगा की अविरल यात्रा पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन 16 अगस्त को किया गया। कार्यक्रम में माननीय मंत्री, पेयजल, वर्षा जल संग्रहण, ग्रामीण निर्माण, जनगणना, माननीय मंत्री, भाषा पुनर्गठन, गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग, ग्राम्य विकास तथा वेब के माध्यम से माननीय राज्य मंत्री जलशक्ति मंत्रालय की उपस्थिति रही।



# ठाठीपुर ग्राम पंचायत का जल संरक्षण

मुरैना जिला राज्य मध्य प्रदेश के उत्तरी भाग में स्थित है, जिसकी सीमा पश्चिम में राजस्थान और उत्तर में उत्तर प्रदेश से लगती है। पूर्व में ग्वालियर, भिंड और दक्षिण में श्योपुरी कलां इसके निकटवर्ती जिले हैं। इसी मुरैना जिले की कैलारस तहसील में स्थित हैं ठाठीपुर ग्राम पंचायत। मुरैना जिला कम वर्षा वाले और सूखा प्रभावित क्षेत्रों की श्रेणी में आता है। जलवायु परिवर्तन के कारण क्षेत्र में कृषि उत्पादकता और आजीविका पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है। यहाँ की 70% से भी अधिक आबादी कृषि पर ही आश्रित है। इस क्षेत्र की कृषि के बेहतर भविष्य के लिए एकमात्र समाधान जल संरक्षण ही था। प्राकृतिक वर्षा जल संचयन, सिंचाई की वैकल्पिक तकनीकों का उपयोग और घरेलू आवश्यकताओं के लिए संचित जल का उपयोग कर के यहाँ की जल उपलब्धता को बेहतर किया जा सकता था। इस ग्राम पंचायत ने यही सब तकनीकें अपनाई और खुद को जल समर्थ बनाया।

जल संरक्षण के प्रयासों के तहत अपरदित भूमि के प्रबंधन के लिए 3 चेकडैम, 14 टैंक, 2 खेत तालाब, 6 गली प्लग का निर्माण, भूमि समतल करना और बंडिंग मुख्य गतिविधियां थीं। मृदा की गुणवत्ता बढ़ाने और जल को पकड़ने की क्षमता को बेहतर करने के लिए 1,760 हेक्टेयर क्षेत्र में बड़े स्तर पर पौधरोपण भी किया गया। परिणामस्वरुप, जिस रन ऑफ वाटर के कारण मृदा अपरदन हो रहा था, उस जल को प्रवाहित होने की जगह विभिन्न प्रणालियों में संचित किया जाने लगा। किसानों को प्रोत्साहित किया गया कि वे अपनी जमीन को समतल करें और अपने खेतों में गिरने वाली वर्षा की हर एक बूंद को खेत में ही रोकने के लिए बांध बनाएं।

वाटरशेड परियोजनाओं से यहाँ के 166 परिवार लाभान्वित हुए हैं। यहाँ पहले कृषि का कुल क्षेत्र 155 हेक्टेयर था और परियोजना के बाद 251 हेक्टेयर हो गया है। फसल उत्पादन गतिविधियों में 60%, जबकि डेयरी क्षेत्र में 12% रोजगार में वृद्धि देखी गई। रोजगार में वृद्धि बेहतर कृषि के कारण ही हुई। यही नहीं, गाँव में लोगों के पास पशुधन में भी वृद्धि हुई। लोग अधिक आय के कारण अधिक पशु पालने में सक्षम हैं जो किसानों के लिए एक समृद्धि का निशान है।

निर्माण कार्यों के चलते किसानों की 40 हेक्टेयर भूमि में सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध करवाया गया है जिससे सिंचित भूमि में फसल उत्पादन में वृद्धि होती है। पंचायत क्षेत्र में भूजल पुनर्भरण के कारण सूखे हुए कुओं में 30 फीट तक पानी भर गया है। किसानों द्वारा सिंचाई के रूप में उपयोग किए जा रहे पानी के साथ-साथ ट्यूबवेल और हैंडपंप में भी पर्याप्त भूजल उपलब्ध हो गया है।

यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि वाटरशेड आधार पर मृदा-जल संरक्षण की बेहतर योजना बनाकर घरेलू आय और रोजगार के स्तर को बढ़ाया जा सकता है। क्षेत्र में जल संरक्षण के प्रयासों से जल स्तर 6.1 फीट तक बढ़ गया है जिसके परिणामस्वरुप सिंचित क्षेत्र में 22% से 66% और फसल सघनता में 159% से 195% तक की बढ़ोतरी देखी गई है। भूजल के पुनर्भरण से भूजल की लवणता में कमी आई है और साथ ही मिट्टी के कटाव को नियंत्रित करके भूमि के बंजर होने पर भी रोक लगा दी गई है, जो कि मध्य प्रदेश के चंबल संभाग की गंभीर समस्या है।



*मनरेगा योजना के अंतर्गत वर्षाजल संचयन के लिए निर्मित तालाब*

# सिवनी जिले के प्रयासों से हिर्री नदी का कायाकल्प

'जल चर्चा' के इस संस्करण में जल संरक्षण कर रहे सर्वश्रेष्ठ जिलों में से एक सिवनी जिले के बारे में बता रहे हैं जो कि मध्यप्रदेश में स्थित है। इस जिले का नाम यहाँ पाए जाने वाले वृक्ष सियोना के नाम पर पड़ा है, हम आपको बता दें कि इस पेड़ की लकड़ी का प्रयोग मुख्यतः ढोलक बनाने के लिए किया जाता है। सिवनी जिला सतपुड़ा पठार के एक संकीर्ण, उत्तर-दक्षिण खंड पर स्थित है।

एशिया का सबसे बड़ा मिट्टी बांध संजय सरोवर इस जिले की जीवन रेखा है। यह बांध कृषि और पीने के पानी का प्राथमिक स्त्रोत है। लोगों द्वारा पूजा की जाने वाली सबसे स्वच्छ नदियों में से एक नदी, बैनगंगा भी इस राज्य में उपलब्ध प्रकृति का उपहार है जो कि सिवनी के ही ग्राम मुढ़ारा से उतपन्न होती है। इस ही बैनगंगा की सहायक नदी, हिर्री का पुनरुद्धार सिवनी के जिला प्रशासन द्वारा सफलतापूर्वक किया गया जिसके बारे में आप और अधिक इस लेख के माध्यम से जानेंगे।

इस जिले का कुल क्षेत्रफल 8,75,400 हेक्टेयर है जिसमें से 5,35,887 हेक्टयर भूमि पर कृषि की जाती है। वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार क्षेत्र की कुल आबादी 1,02,343 है और इस बड़ी आबादी की दैनिक गतिविधियाँ हिर्री नदी की सहायता से ही पूरी होती थी। जलवायु परिवर्तन और जल की उपलब्धता में कमी के कारण यह केवल एक मौसमी नदी बन कर रह गई थी। गर्मियों के मौसम में यह नदी सूख जाती थी, या कहें गायब हो जाती थी वहीं सर्दियों के मौसम में इसमें पानी देखने को मिलता था वो भी बहुत कम।

इस नदी के पुनः प्रवर्तन के लिए सिवनी जिला प्रशासन ने दृढ़ निश्चय किया और इस दिशा में कठिन परिश्रम भी किया। हिर्री नदी की कुल लंबाई 77 किलोमीटर है। इसका कैचमेन्ट क्षेत्र 1,02,433 हेक्टयर है जिसमें की 88 माइक्रो-वाटरशेड भी सम्मिलित हैं। यह नदी कुल मिलाकर 135 ग्राम पंचायतों से हो कर बहती है।

नदी के पुनरुद्धार के लिए मनरेगा (MGNREGA) के तहत काम किया गया। इसके अतिरिक्ति मनरेगा के तहत ही कंटूर ट्रेंच, बोल्डर वॉल, काउंटर बंडिंग, सोक पिट, अर्दन गली प्लग, डग वेल रिचार्ज, जल संरक्षण टैंक, रिचार्ज शाफ़्ट और रिचार्ज वेल इत्यादि संरचनाओं का भी निर्माण कराया गया । ये सभी संरचनाएं क्षेत्र में जल संरक्षण और जल की उपलब्धता को बढ़ावा देंगी।

क्षेत्र में लगभग 4,400 पेड़ लगाए गए हैं जो कि मिट्टी की जल की पकड़ मजबूत कर रहे हैं। इसके अलावा नदी के किनारे पर भी 2,000 पेड़ लगाए जा रहे हैं जो कि नदी के किनारे की मिट्टी में नमी बनाए रखने में सहायक होंगे।

जल की गुणवत्ता को बेहतर करने के लिए प्रशासन द्वारा कई कदम उठाए गए हैं। क्षेत्र को खुले में शौच मुक्त बनाने में भी प्रशासन को सफलता प्राप्त हुई है।


देखा जाए तो यह अभियान मुख्यतः लोगों द्वारा लोगों के लिए था। इस जल संरक्षण अभियान में सबसे बड़ा योगदान समुदाय का ही रहा जिसके प्रयासों से यह नदी पुनः प्रवर्तन का मुश्किल कार्य संभव हो पाया। किसान, मछुआरे और आम जनता के जीवन में जल उपलब्धता से काफी सुधार आया है। बेहतर कृषि के कारण आय में वृद्धि देखी गई है और क्षेत्र में आर्थिक स्थिरता भी आई है।

इस अभियान ने क्षेत्रीय लोगों को जल के महत्व के प्रति जागरुक किया है और इसका संरक्षण करने हेतु प्रेरित भी किया है। इस जल संकट के कठिन समय में हमारा, आपका और सभी का संकल्प यही होना चाहिए कि अपनी योग्यता अनुसार जल संरक्षण में अपना योगदान अवश्य दें। जल संरक्षण की पहल हमारे घरों से ही होती है तो पहले अपने घर से ही शुरुआत करें।



# Cartoon




Earth, 2100 AD
Aqua, give me a glass of water.
Here. Only 2 glasses for today, okay?
Why so, Aqua?
Oh, a meteoroid is circiling the earth.
So, water supply from Mars is again affected?
Right.

# सर्वश्रेष्ठ स्थानीय निकाय बोर्ड, महू छावनी परिषद का जल संरक्षण

महू छावनी परिषद मध्य प्रदेश के इंदौर में स्थित है और यहाँ का प्रशासन जल संरक्षण के क्षेत्र में प्रशंसनीय कार्य कर रहे हैं। यहाँ छोटे स्तर पर जल संरक्षण तो पहले से हो ही रहा था लेकिन सबसे बड़ी चुनौती वर्षा जल को संचित करना और उसके अपव्यय को रोकना था। जल संरक्षण अभियान को शुरु करने से पहले क्षेत्र में वर्षा जल किसी उपयोग में नहीं आ रहा था। छावनी क्षेत्र के तहत एक बस्ती क्षेत्र भी आता है जो वर्षों से भयंकर जल संकट का सामना कर रहा था।

जल संरक्षण लागू करने के बाद पूरे छावनी क्षेत्र और मुख्यतः बस्ती क्षेत्र का कायाकल्प हुआ है। विभिन्न चयनित स्थलों पर जेसीबी एवं पोकलैंड मशीनों की सहायता से तालाब बनाकर वर्षा जल के संरक्षण एवं पुनर्स्थापन की पहल शुरु की गई। इन तालाबों तक जल पहुंचाने के लिए अलग-अलग चैनल भी बनाए गए जो कि विभिन्न स्थानों से जल एकत्रित कर, तालाब तक पहुंचाने का कार्य करते हैं। यहाँ ३ नए तालाब बनाए गए और ३ जल निकायों को पुनर्जीवित किया गया। हैदराबादी बस्ती स्थल पर जनभागीदारी से कई एकड़ के जलग्रहण क्षेत्र में एक तालाब बनाया गया और उसी स्थल से खोदी गई मिट्टी की मदद से स्टॉप डैम बनाकर एक छोटी झील में परिवर्तित किया गया। यह स्टॉप डैम भारी बारिश में भी कारगर है।



छावनी परिषद द्वारा किए गए प्रयास सफल रहे और लगभग पूरे क्षेत्र में जल स्तर आश्चर्यजनक दर से बढ़ा और यही नहीं सभी तालाब भी अपनी पूरी क्षमता तक भर गए। ये तालाब भरी गर्मी के मौसम में भी पानी से लबालब दिखाई दिए और इनसे हुई जल स्तर में वृद्धि के कारण, सूखे हुए कुएं और बोरवेल भी पुनर्जीवित हुए। इन प्रयासों से क्षेत्र के निवासी सबसे अधिक लाभान्वित हुए हैं और यह भी निश्चित तौर पर कहा जा सकता है कि इन्हें भविष्य में जल संकट का सामना नहीं करना पड़ेगा।

यही नहीं छावनी परिषद ने क्षेत्र में बन रही नई इमारतों में जल संरक्षण व संचयन प्रणाली विकसित करना अनिवार्य किया है जो कि एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ है। परिषद द्वारा जल शक्ति अभियान के तहत जारी किए गए एसओपी के अनुसार छावनी बोर्ड के कार्यालय, विद्यालय और टाउन हॉल में जल संचयन प्रणालियाँ विकसित की गई है।

आज के समय में जो पर्यावरणीय परिस्थिति है उसमें तब तक कोई बदलाव नहीं आ सकता जब तक प्रत्येक मनुष्य जल संरक्षण में अपनी भूमिका नहीं निभाएगा। जल संकट की इस घड़ी की यह मांग है कि इस धरती पर उपलब्ध जल की हर एक बूँद को संरक्षित किया जाए। महू छावनी परिषद ने अपने स्तर पर सभी नागरिकों को जल संरक्षित करने के लिए प्रेरित किया है। पर्यावरण में वृक्षों के महत्व को समझाने के लिए यहाँ पौधारौपण अभियान भी चलाया गया। जल संरक्षण के ये प्रयास वाकई प्रशंसनीय व सराहनीय हैं। यदि ऐसे ही प्रयास सभी स्थानीय निकायों और मनुष्यों द्वारा किए जाएं तो जल संकट को पीछे धकेला जा सकता है और एक जल संपन्न व् समृद्ध भविष्य का निर्माण स्वयं किया जा सकता है।

# PEOPLE'S INITIATIVES



On 17th August, young volunteers from the Vrikshit Foundation collected 326 kg of waste in a residential area in New Delhi, keeping in view their mission of keeping the country clean.




नमामि गंगे परियोजना के अंतर्गत महामना मालवीय गंगा शोध केंद्र, बीएचयू, वाराणसी से प्रशिक्षण प्राप्त इको-स्किल्ड गंगा मित्र श्री घनश्याम कुमार लगातार पौधारोपण करते रहे हैं। उन्होंने घर पर ही बालगंगा मित्रों के साथ मिलकर जामुन एवं नीम के पौधे ऑर्गेनिक तरीके से तैयार किए हैं। घनश्याम जी का आर्गेनिक खेती की दिशा में किया जा रहा यह प्रयास सराहनीय है।



As a part of the Clean Green campaign, the Orissa Environmental Society (OES) visited the Shankhatrasha Government High School, Cuttack District, Odisha on 6th August. As per the suggestion of Smt. Bobita Maharana, I/C Headmaster, mango and guava saplings were planted in the campus.

The plantation drive was completed in the gracious presence of the DDO Sri Bibhuti Bhushan Behera and the staff of the school. Sh. Raghu Nath Prusty, Dr. Pradeep Kumar Rath, Er. Manoranjan Mishra, Smt. Namita Mohapatra and Dr. Sailabala Devi participated in the drive. OES was assisted by Sh. Pradeep Das, a noted social activist in organizing the programme.



Answering to the clarion call of Hon'ble PM Shri Narendra Modi urging citizens to join the 'Catch the Rain' campaign, the volunteers belonging to NSS Unit II, Surya Sen Mahavidyalaya, Siliguri, Jalpaiguri district cleaned a well on 8th August. The well had been abandoned for a long time, making it unusable. The group cleaned the well, making it suitable for general usage. The volunteers also talked to the people in the neighbourhood, urging them to take care of the well.



हरियाली अमावस्या (8 अगस्त) के पावन अवसर पर गंगावतरण अभियान के कार्यकर्ताओं ने सोनाघाटी की पहाड़ी पर 101 पौधों का रोपण किया किया । जिसमें एक त्रिवेणी (बरगद, पीपल,नीम) सहित आम, जामुन, कटहल, नीम, अमलतास, कचनार, मौलश्री, इमली, करंज इत्यादि के पौधे रोपे गये । उजाड़ सोनाघाटी को पुनः हरी-भरी करने व वर्षाजल संरक्षण के लिये पाँच वर्ष पूर्व प्रारम्भ किये गंगावतरण अभियान के तहत अभी तक पहाड़ी पर हजारों पौधे रोपे तथा संरक्षित किये गये हैं।



प्रकृति की रक्षा व जंगलों के संरक्षण के प्रति समर्पित राष्ट्र युवा पर्यावरण संरक्षण समिति के सदस्यों ने 'जंगल बचाओ, पेड़ लगाओ अभियान' चलाया।

# NEWS IN BRIEF



Shri Pankaj Kumar, Hon'ble Secretary, Ministry of Jal Shakti, DoWR, RD & GR, Government of India virtually inaugurated the webinar on 'Water for Public Health: Preparing for Disasters and Pandemics' organized by NIH, Roorkee on 26th August 2021. The webinar included presentations from 33 speakers from India and abroad.



High resolution aquifer mapping using State-of-the-art Heli-borne survey in Ganga-Yamuna Doab, U.P. was undertaken as a part of a tripartite agreement involving CGWB, NMCG and CSIR-NGRI.



An MoU has been signed between CSMRS and Polavaram Project Authority for providing consultancy on Quality Assurance/Quality Control (QA/QC) for construction of the Polavaram project in Andhra Pradesh. CSMRS team visited the project site during 23-28 August for quality inspection of ongoing concrete works at left main canal and head works. The team has inspected trunnion beam rectification and seepage in inspection gallery. An elaborate discussion with project authorities and CWC team was held on the issues of concern.




A team of soil division visited the Polavaram Irrigation Project, Andhra Pradesh during 25-27 August for carrying out geotechnical investigations at approach channel soil dump.

CSMRS organized a 2-day training course on "Role of Supplementary Cementitious Material (SCM) in providing case specific solutions for river valley projects during 25-26 August. Lectures were delivered by Smt. Beena Anand, Scientist 'D', Dr. R.P. Pathak, Scientist 'D', Dr. M. Raja, Scientist 'D' and Dr. Sameer Vyas, Scientist 'B'. Around 60 engineers from Central and State Governments, PSUs, faculty, researchers and students attended the training course.



As a part of the ongoing work, a team of CSMRS officers visited Vyasi Hydro Electric Project during 4-6 August for inspection of the ongoing project works and providing Quality Assurance/Quality Control (QA/QC) consultancy services for civil works of the project. A fresh MoU between CSMRS and UJVNL for providing QA/QC consultancy services pertaining to civil works of the project was also signed during the visit.



Sh. Kushvinder Vohra, Member WP&P, CWC held the 1st meeting of the Working Group for 'Reviewing the Calculation of Benefit Cost Ratio and Procedure for Revised Cost Estimation for Major and Medium Irrigation, Flood Control and Multipurpose Projects' on 12th August.

The Working Group was constituted by DoWR, RD & GR for reviewing the methods of Benefit Cost Ratio assessment and for suggesting procedure for automatic cost revision of Major and Medium Irrigation, Flood Control and Multipurpose Projects not involving change in scope. The group is headed by Sh. Kushvinder Vohra, Member WP&P, CWC, and includes members from NITI Aayog, Ministry of Finance, Ministry of Jal Shakti, Ministry of Agriculture Cooperation & Farmers Welfare and Central Water Commission.

# NEWS IN BRIEF




The 5th meeting of the committee for planning/organizing BRICS Water Ministers Meeting and BRICS Water Forum in India in 2021 was held under the Chairmanship of Sh. Kushvinder Vohra, Member (WP&P), CWC and Ex-officio Addl. Secretary to Govt. of India on 19th August through video conferencing. Officers of Ministry of External Affairs, MoEF&CC, CWC, NIH, CGWB and NWDA participated in the meeting.



Sh. Shivnandan Kumar, Chief Engineer, Indus Basin Organisation visited the proposed Barinium HE Project in District Kishtwar of J&K on 8th August along with a team of Survey and Investigation of CWC, Jammu. CE, IBO also visited Kirthai-II (930 MW) project. Survey and Investigation of both these projects is being undertaken by CWC, Jammu.

The National Institute of Hydrology (NIH), Roorkee organized online training workshops on 'Advanced Hydrology', 'Application of Remote Sensing & GIS in Water Recourses' and 'Hydrological Modeling using Soil and Water Assessment Tool (SWAT) Theory and Hands-on' and Advanced Hydrology & Modeling Tools during 2-6 August under the National Hydrology Project (NHP). This training programme was conducted for the officers of Implementing Agencies under NHP.



In continuation to series of earlier meetings on Benefit Cost (BC) aspects of the Ujh Multipurpose Project (J&K) and progress on proposed changes in its design, 8th meeting was held under the Chairmanship of Sh. Kushvinder Vohra, Member (WP&P), Central Water Commission on 12th August through video conferencing. Officials from M/o Jal Shakti, Central Water Commission, Central Electricity Authority, Water Resources Department (WRD), Govt of J&K and WAPCOS attended the meeting.



Dug-well has been constructed for irrigation in Ahwa taluka, Dang district, Gujarat under PMKSY-HKKP-Ground Water scheme. In an area facing shortage of water for irrigation, small and marginal farmers are getting immensely benefitted from such interventions



CSMRS Rock Mechanics team visited Ekdare Dam of Damanganga (Ekdare)-Godavari Link Project and Koshimshet Dam of Damanganga-Vaitarna-Godavari Link Project in Maharastra during 24-27 August. CSMRS team selected core samples from the foundation of both these dams for carrying out laboratory investigations and uitability study.



A contract was signed between CWC and M/a AECOM Asia Company Ltd in JV with M/S URS Scott Wilson India Pvt. Ltd. & M/a AECOM India Pvt. Ltd. on 11th August for providing consultancy services for Early Flood Warning System, including Inundation Forecasting in Ganga Basin under National Hydrology Project.



Preliminary Yield Test conducted at Lilesra, Godhra, Panchmahal district, Gujarat. Well drilled upto a depth of 132.50 m bgl & Discharge is 14.79 lps.

# NEWS IN BRIEF



CGWB, Kolkata conducted Mass Awareness cum Public Interaction Program on the theme 'Sustainable Ground Water Management' for South 24 Parganas District, West Bengal through online mode to commemorate 75th year of India's Independence.



CGWB, Nagpur conducted PIP on 'Aquifer Mapping and Ground Water Management of Gadchiroli district, Maharashtra'. Dr. Rajabhau G. Munghate, Principal, Govindrao Munghate Art & Science College, Kurkheda, Gadchiroli was the Chief Guest.



Dr P Nandakumaran, Chairman, CGWB & Dr S K Samanta, Regional Director, CGWB, Kolkata attended the Meeting of the Parliamentary Standing Committee on Water Resources on 26th August in Kolkata.



NIH, Roorkee organized a mass awareness programme on 'Water Conservation and Water Security' for the students of Shiksha Sadan Inter College, Mehwad Kalan, Roorkee and the students of Kendriya Vidyalaya-1, Roorkee on 11th and 13th August respectively as a part of Azadi Ka Amrut Mahotsav.



NIH, CFMS, Regional Centre- Patna organized a mass awareness programme on 'Water and Environmental Issues' on 19th August as a part of Azadi Ka Amrit Mahotsav. The interactions were made with villagers of Nakki Bhawani Panchayat, Janipur (Phulwari Sharif, Patna) and NWDA officials.



NIH and Division Forest Office, Narendra Nagar, Uttarakhand organized a training programme on 'Springshed Management and Rejuvenation through Scientific data Collection and Processing Techniques' during 24-25 August, 2021 at Rishikesh. Around 25 officers and staff of the forest department participated in the training.



एनबीओ, सीडब्ल्यूसी, भोपाल के अधिकारियों की एक टीम ने पारसडोह मध्यम सिंचाई परियोजना, बैतूल जिला, मध्य प्रदेश में "सूक्ष्म सिंचाई का उपयोग करने के लाभ पर जन जागरूकता कार्यक्रम" आयोजित किया जिसमें परियोजना से लाभान्वित किसानों व ग्रामीणों को इसके उपयोग के लिए प्रेरित किया। इस कार्यक्रम में जल संसाधन विभाग, मध्य प्रदेश के पारसदोह उद्वहन सिंचाई परियोजना के सहभागी भी मौजूद थे। अभियान में किसानों ने सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली के बारे में आत्मविश्वास व उत्सुकता दिखाई।



A high-yielding fracture was tapped during exploratory drilling under NAQUIM programme in hard rock areas of Banswara district of Rajasthan with yield of 1,100 litre per minute (lpm).

CSR

# Godavari Power & Ispat Ltd. (GPIL)

Raipur, Chhattisgarh



1 New Pond developed
Siltara Phase-I village
Area: ~600 m2
Avg. Depth: ~2 m
Water Conserved: ~1.2
(in Million litres)
No. of Direct Beneficiaries: 400




1 New Pond developed
Tanda village
Area: ~7,246 m2
Avg. Depth: ~4 m
Water Conserved: ~28.984
(in Million litres)
No. of Direct Beneficiaries: 800



1 New Pond developed
Akoli village
Area: ~14,888 m2
Avg. Depth: ~4 m
Water Conserved: ~59.552
(in Million litres)
No. of Direct Beneficiaries: 1,200

## 3 Ponds deepened


## Siltara Phase-II village



Area: ~13,684.81 m2
Avg. Depth: ~3 m
Water Conserved: ~41.05
(in Million litres)




Area: ~9,102.3 m2
Avg. Depth: ~3 m
Water Conserved: ~27.3
(in Million litres)



Area: ~7,097.409 m2
Avg. Depth: ~3 m
Water Conserved: ~21.29
(in Million litres)

### Cleaning of Kolhan Naala Section-7 under the Jal Shakti Abhiyan



Length: ~9.8 km
Avg. Width: ~4.2 m
Avg. Depth: ~1 m
Water Conserved: ~41.16
(in Million litres)
No. of Villages benefitted: 8

**Secured 2 Leaves in Confederation of Indian Industry's (CII) Green Rating Project for Power & Steel Sector, 2012**

**Ministry of Jal Shakti 🇮🇳 #AmritMahotsav** @MoJSDo... · Aug 15

देश आज हर घर जल मिशन को लेकर के तेजी से काम कर रहा है।

मुझे खुशी है कि जल जीवन मिशन के सिर्फ दो वर्ष में साढ़े 4 करोड़ से ज्यादा परिवारों को नल से जल मिलना शुरू हो गया।

करोड़ों माता - बहनों का आशीर्वाद, यही हमारी पूंजी है: पीएम श्री नरेंद्र मोदी

#IndiaIndependenceDay



2 · 17 · 49

**Office of Gajendra S Shekhawat** @OfficeOfGSS · Aug 16

We have been able to transform River Ganga in a short span of five years, this was made possible by political will, public funding, partnerships and most importantly people's participation.

- Hon'ble Minister Shri @gssjodhpur

#NamamiGange



You and 2 others

7 · 38

**Gajendra Singh Shekhawat** @gssjodhpur · Aug 28

Big Achievement!

Under Modi ji's leadership, #JalJeevanMission has successfully achieved the target of providing safe tap water to all 22,422 schools & 23,926 anganwadi centres in J&K.

From 54.6% to 100% in just 2 years is a mammoth task fulfilled.



100% Schools, Anganwadi Centres In J&K Get Tap...

Jammu and Kashmir has become the second Union Territory after Andaman and Nicobar Island to ...

m.kashmirobserver.net

27 · 309 · 1.2K

**Jal Jeevan Mission** @jaljeevan_ · Aug 17

After launching sensor-based IoT for measuring and monitoring water supply at 11 locations, #JJM is expanding its coverage to 100 villages across 9 states. This would help in understanding water supply issues for taking corrective measures.



Jal Jeevan Mission starts to monitor and measure tap water supply

The Jal Jeevan Mission promises a 55-litre per capita per day for each rural household and BIS10500 quality of water

business-standard.com

7 · 48 · 158

**Namami Gange | #IndiaFightsCorona** @cleangangannmcg · Aug 18

A review meeting was held under the chairmanship of Sh Rajiv Ranjan Mishra, DG-NMCG on 'Documentation of cultural mapping of river Ganga from Gaumukh to Gangasagar' by @INTACHIndia.



You and 9 others

1 · 5 · 27

**Prahlad Singh Patel** @prahladspatel · Aug 21

इम्फाल में जल संसाधन, जल जीवन मिशन और खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय की समीक्षा बैठक ली।#मेगाफ़ूडपार्क और #जलजीवनमिशन पर चर्चा की, मंत्री श्री @LetpaoHaokip जी, @BiswajitThongam जी समेत अधिकारी, संयुक्त सचिव, सचिव, मुख्य अभियंता और एमआईसीएल के एमडी उपस्थित रहे। #AmritMahotsav



You and 9 others

5 · 55 · 165

# सीईओए ग्रुप ऑफ स्कूल्स एंड एजुकेशनल इंस्टीट्यूशंस, मदुरै

यह भारत के लिए गर्व का विषय है कि देश में कई विद्यालय, महाविद्यालय या अन्य शिक्षण संस्थान अपने विद्यार्थियों को जल संरक्षण की सीख दे रहे हैं। आज जब जल संरक्षण पूरे विश्व में अपने पैर पसार चुका है तो ऐसे में जल के प्रति जागरुक पीढ़ी का निर्माण करना अत्यधिक आवश्यक है। यदि आने वाली पीढ़ी जल के महत्व को समझेगी और इसका विवेकपूर्ण उपयोग करेगी तो निश्चित रूप से जल संकट के प्रकोप को कम किया जा सकेगा। इस नई पीढ़ी का निर्माण आज विद्यालयों में हो रहा है। आजकल छोटे-छोटे बच्चे भी जल के महत्व को समझ रहे हैं और इसका श्रेय विद्यालयों को ही जाता है। जल चर्चा के इस लेख में हम आपको तमिलनाडु के सीईओए मैट्रिकुलेशन हायर सेकेंडरी स्कूल के जल संरक्षण के प्रयासों के बारे में बता रहे हैं।

इस स्कूल की स्थापना मदुरै में वर्ष 1995 में सीईओए एजुकेशनल सोसाइटी द्वारा द्वारा की गई थी। सीईओए मैट्रिकुलेशन हायर सेकेंडरी स्कूल में 4800 विद्यार्थी नामांकित हैं और यह राज्य के सर्वश्रेष्ठ स्कूल के रूप में भी विख्यात है। इस स्कूल के विद्यार्थी केवल शैक्षणिक क्षेत्र में ही अव्वल नहीं हैं बल्कि पाठ्येतर क्षेत्र में भी सबसे आगे हैं। यह विद्यालय समाज की जरूरतों के अनुरूप छात्रों को तैयार करने में विश्वास करता है। छात्रों के कल्याण और राष्ट्र के समग्र हितों को ध्यान में रखते हुए, इस विद्यालय ने जल संरक्षण की कई पहल शुरु की हैं।



*विद्यालय के 1,000 छात्र-छात्राएं जल की बूंद का रूप लेते हुए*

विद्यालय में "सेव वॉटर, सेव फ्यूचर" विषय पर एक इंट्रा स्कूल ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। "जल संसाधन प्रबंधन - एक वरदान या अभिशाप?" विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता का भी आयोजन करवाया गया। इन प्रतियोगिताओं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक से भाग लिया और जल संसाधनों की कमी के प्रति अपनी चिंता व्यक्त की। विद्यार्थियों ने केवल समस्याएँ ही व्यक्त नहीं की बल्कि इस समस्या के रचनात्मक समाधान भी प्रस्तुत किए। छात्र-छात्राओं को जल के महत्व से अवगत कराने के लिए 'वाटर इज लाइफ, ट्रीट इट राइट' विषय पर एक रचनात्मक लेखन प्रतियोगिता का भी आयोजन कराया गया। जल संरक्षण और भूजल के महत्व पर ज़ोर देने और इस विषय पर जागरुकता फैलाने के लिए विद्यार्थियों ने जल की बूँद और पेड़ के आकार की ह्यूमन फार्मेशन भी बनाई। यह कलात्मक चित्रण सन्देश देता है कि पानी की एक-एक बूंद मनुष्य के अस्तित्व के लिए आवश्यक है, इसलिए इसे बर्बाद नहीं करना चाहिए। इस फॉर्मेशन में लगभग 1000 विद्यार्थियों ने भाग लिया और दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।


विद्यालय द्वारा खेल दिवस कार्यक्रम में भी जल जागरुकता फैलाने के प्रयास किए गए। खेल दिवस पर परेड में छात्रों ने भारत और तमिलनाडु में नदियों के महत्व को दर्शाया और इन्हें आपस में जोड़ने के लाभों के बारे में भी बताया। विभिन्न नदियों की भूमिका निभा रहे बच्चों ने एक-दूसरे का हाथ पकड़कर रिवर इंटरलिंकिंग को रचनात्मक रूप से दर्शाया। सीईओए किड्स स्कूल के बच्चों ने 2018 में समुद्र की अनंतता और पानी की आवश्यकता को दर्शाने के लिए ब्लू डे मनाया। इसके तहत कई सांस्कृतिक गतिविधियों और कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। छोटे बच्चों को खेलों के माध्यम से समझाया गया कि जल ही जीवन का अमृत है। यही नहीं जल के महत्व को दर्शाने के लिए प्रदर्शनियों का भी आयोजन कराया जाता है। इसके तहत दीवारों पर विषय से संबंधित तरह-तरह के पोस्टर लगाए गए। यह कार्यक्रम न केवल छात्रों के लिए बल्कि अभिभावकों के लिए भी एक ज्ञान अर्जित करने वाला कार्यक्रम था।

पीने योग्य पानी आज एक दुर्लभ और कीमती वस्तु बन गया है। न्यूनतम अपव्यय और अधिकतम संरक्षण का मंत्र ही जल की उपलब्धता को बनाए रख सकता है। धीरे-धीरे हमारे प्राकृतिक जल संसाधन खत्म हो रहें हैं जिस कारण जल का संरक्षण करना और भी ज़रूरी हो गया है। ऐसे में इस विद्यालय द्वारा किए जा रहे जल संरक्षण के प्रयास अत्यंत सराहनीय हैं। आने वाली पीढ़ी के लिए जल जागरुक होना उतना ही आवश्यक है जितना कि आज की पीढ़ी के लिए। हमें इस विद्यालय से प्रेरणा लेनी चाहिए और जल संरक्षण में अपनी क्षमता अनुसार योगदान अवश्य देना चाहिए।


# People's Service Society, Palakkad

People's Service Society, Palakkad (PSSP) is one of the committed organisations that have been working in multi-fold social developmental activities with people's participation in Kerala for the last 41 years.


From 2003 onwards, PSSP has served as the master NGO of Kerala Rural Water and Sanitation Agency (KRWSA) to promote rainwater harvesting.



**Groundwater Recharge (Wells)**
Units: 1,200
No. of Beneficiaries: 6,235
Water conserved (in Million litres): 240




**Construction of Rainwater Structures (2002-18)**
Units: 1,878
No. of Beneficiaries: 9500
Water conserved (in Million litres): 15.05



**Construction of Rainwater Structures (under 'Sustainable Access to Safe Water in Palakkad' project)**
Units: 55
No. of Beneficiaries: 1925
Water conserved (in Million litres): 0.68




**Restoration of Rainwater Structures**
Units: 4
No. of Beneficiaries: 165
Water conserved (in Million litres): 0.04




**Restoration of Wells**
Units: 82
No. of Beneficiaries: 3,250
Water conserved (in Million litres): 4.12




**Construction of Check dams (Watershed projects)**
Units: 17
No. of Beneficiaries: 2350
Water conserved (in Million litres): 4.18



**Construction of Check dams (under 'Sustainable Access to Safe Water in Palakkad' project)**
Units: 2
No. of Beneficiaries: 934
Water conserved (in Million litres): 2.73




**Construction of Gully Plugs**
Units: 2
No. of Beneficiaries: 85
Water conserved (in Million litres): 0.25




**Restoration of Ponds**
Units: 2
No. of Beneficiaries: 350
Water conserved (in Million litres): 44.31



**RWH-linked Hand Wash Stations in Schools**
Units: 2
No. of Beneficiaries: 470
Water conserved (in Million litres): 0.14



**Construction of Earthen Bunds**
KMs: 15,000
No. of Beneficiaries: 8,500
Water conserved (in Million litres): 151



**Construction of Water-absorption Trenches**
Units: 41,000
No. of Beneficiaries: 6,000
Water conserved (in Million litres): 82


"जब हम सब मिलकर मजबूती से प्रयास करते हैं
तो असंभव को भी संभव कर सकते हैं।
जब जन-जन जुड़ेगा, जल बचेगा।"

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी



## आइए बारिश की हर बूँद को बचाएं।

# "कैच द रेन"




बारिश के पानी को जमा करना आसान है। उसके लिए छत पर एक साधारण सा सिस्टम लगेगा जिसमें जुड़े पाइप से बारिश का पानी नीचे रखी टंकी में जमा होता जाएगा ताकि भविष्य में उसका उपयोग किया जा सके।

**बारिश के पानी को जमा करने से:**

- पानी की साल भर की ज़रूरतें पूरी होने में मदद मिलेगी।
- भूजल के स्तर में सुधार होगा।
- जल जमाव और शहरी बाढ़ को नियंत्रित करने में सहायता मिलेगी।

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें- catchtherain.nwm@gmail.com
http://nwm.gov.in/catchtherain

**वर्षा के जल का संचयन करें, एक बूँद भी बर्बाद न होने दें।**


#CatchTheRain

राष्ट्रीय जल मिशन
जल संसाधन, नदी विकास और
गंगा संरक्षण विभाग
जल शक्ति मंत्रालय
भारत सरकार

# नमामि गंगे

नमामि गंगे ! तव पादपंकजं
सुरसुरैर्वन्दितदिव्यरूपम् ।
भुक्तिं च मुक्तिं च ददासि नित्यम्
भावानुसारेण सदा नराणाम् ।।

*अर्थात् हे गंगाजी ! मैं देव व दैत्यों द्वारा पूजित आपके दिव्य पादपद्मों को प्रणाम करता हूँ । आप मनुष्यों को सदा उनके भावानुसार भोग एवं मोक्ष प्रदान करती हैं ।*



**Share your suggestions & feedback at media-mowr@nic.in**